# निदेशकों का परिचय



**श्री विवेक कुमार देवांगन (डीआईएन: 01377212)**

**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

श्री विवेक कुमार देवांगन 17 मई, 2022 से आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक हैं। आप (मणिपुर कैडर, 1993 बैच) भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं तथा आपने एनआईटी, भोपाल से इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.ई. और आईआईटी, दिल्ली से ऑप्टोइलेक्ट्रॉनिक्स एंड ऑप्टिकल कम्युनिकेशन में पी.जी. की उपाधि प्राप्त की है। आरईसी में नियुक्ति से पहले, आप भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय में अपर सचिव के पद पर कार्यरत थे।

आपने आई.ए.एस. अधिकारी के अपने शानदार करियर के दौरान वित्त, विद्युत एवं ऊर्जा, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, चुनाव, विधि एवं न्याय, वाणिज्य एवं उद्योग, मंत्री कार्यालय (कॉर्पोरेट कार्य, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग) शिक्षा, मानव संसाधन विकास, रेशम उत्पादन, कृषि एवं सहयोग, आर्थिक मामले, अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज, जिला प्रशासन (छत्तीसगढ़ में सरगुजा और रायपुर जिला और मणिपुर में सेनापति जिला) तथा राजस्व प्रशासन के क्षेत्रों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है। सीएमडी के रूप में, आपने आरईसी को अपने कॉर्पोरेट उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए रणनीतिक दृष्टि और समग्र दिशा प्रदान की है।

आप आरईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) के पदेन अध्यक्ष भी हैं।

श्री विवेक कुमार देवांगन के पास आरईसी में शून्य इक्विटी शेयर हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



**श्री अजय चौधरी (डीआईएन: 06629871)**

**निदेशक (वित्त)**

श्री अजय चौधरी 1 जून, 2020 से आरईसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) हैं। आप, द इंस्टीट्यूट ऑफ कॉस्ट एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के एसोसिएट सदस्य हैं। आपके पास भारतीय विद्युत क्षेत्र में विविध कार्यों में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव है। आपने 16 अप्रैल, 2007 को आरईसी में कार्य भार संभाला और विभिन्न पदों पर कार्य किया, इससे पहले आपने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनएचपीसी लिमिटेड में कार्य किया था।

निदेशक (वित्त) के रूप में, आप आरईसी के वित्तीय प्रबंधन और प्रचालन के संबंध में जरूरी निर्देश देते हैं जिसमें संगठनात्मक और वित्तीय नियोजन, वित्तीय नीतियों के निर्माण, वित्तीय लेखांकन, प्रबंधन नियंत्रण प्रणाली, उधार प्रचालनों, नकदी और निधि प्रबंधन, कारपोरेट खाते, कर नियोजन, वित्तीय संस्थानों और पूंजी बाजार की कंपनियों के साथ मिलकर संसाधन और संपर्क जुटाना शामिल है। आपने आरईसी में विभिन्न प्रणालीगत सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिसमें ऋण वसूली दिशानिर्देश तैयार करना, परिसंपत्ति देयता प्रबंधन, दबावग्रस्त परिसंपत्तियों का समाधान, ग्राहकों के लिए संचार और सेवाओं में सुधार करना और समग्र संसाधनों और ट्रेजरी को एक कुशल तरीके से प्रबंधित करना शामिल है।

आप आरईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) के बोर्ड में निदेशक भी हैं।

श्री अजय चौधरी के पास कंपनी में प्रत्येक ₹10/– के 1200 इक्विटी शेयर (प्री–बोनस) हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



**श्री वी. के. सिंह (डीआईएनः 02772733)**

**निदेशक (तकनीकी)**

श्री वी. के. सिंह 15 जुलाई, 2022 से आरईसी लिमिटेड के निदेशक (तकनीकी) हैं। अपनी पदोन्नति से पहले, आप कंपनी में कार्यपालक निदेशक के रूप में कार्यरत थे। आप आईआईटी, रुड़की से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक हैं और आपके पास भारतीय विद्युत क्षेत्र में 33 वर्षों का अनुभव है। आपने 29 मार्च, 2007 को आरईसी में कार्यभार संभाला, इससे पहले, आपने पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी लिमिटेड में कार्य किया था।

निदेशक (तकनीकी) के रूप में, आरईसी के नवीकरणीय ऊर्जा, उत्पादन, पारेषण और वितरण परियोजनाओं की परियोजना और एंटिटी अप्रेजल एवं परियोजना के साथ संस्वीकृति, संवितरण और परियोजना निगरानी, कारोबार विकास, विविधीकरण सहित वित्तपोषण गतिविधियां और कंपनी द्वारा समग्र प्रभावी काम–काज के सभी तकनीकी और परिचालन कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं। आपको पारेषण परियोजना विकास और प्रबंधन, टीबीसीबी प्रक्रिया, वस्तुओं और सेवाओं की खरीद, ईएचवी सब–स्टेशनों और ट्रांसमिशन लाइनों के निर्माण, बॉण्ड, वाणिज्यिक पत्र, ईसीबी आदि जुटाने जैसे वित्तीय पहलुओं का व्यापक अनुभव है।

आप आरईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड (आरईसीपीडीसीएल) के बोर्ड में निदेशक भी हैं।

श्री वी.के. सिंह के पास कंपनी में शून्य इक्विटी शेयर हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



**श्री विशाल कपूर (डीआईएनः 08700132)**

**सरकार द्वारा नामित निदेशक**

श्री विशाल कपूर 7 सितंबर, 2021 से आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं। आप वर्तमान में भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय (एमओपी) में संयुक्त सचिव (वितरण) हैं। आप द इंस्टीट्यूशन ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स, यूके के प्रैक्टिसिंग फेलो हैं। आपने, ली कुआन यू स्कूल ऑफ पब्लिक पॉलिसी, नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ सिंगापुर से लोक प्रशासन में स्नातकोत्तर डिग्री भी प्राप्त की है; और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से पब्लिक पॉलिसी में द एडवांस्ड मैनेजमेंट प्रोग्राम में भी भाग लिया है।

आपको, भारतीय रेलवे में पूर्व दायित्वों के अंतर्गत रेलवे ट्रैक्शन, फ्रेट कारों, डिज़ाइन एवं संचालन और रख–रखाव जैसे क्षेत्रों में समृद्ध अनुभव है। आप विद्युत मंत्रालय में वितरण क्षेत्र, राजभाषा एवं सोशल मीडिया का काम देख रहे हैं। आपने वितरण यूटिलिटिज के परिचालन और वित्तीय बदलाव के लिए संशोधित वितरण क्षेत्र योजना तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपके अनुभव का क्षेत्र अत्यंत व्यापक रहा है, साथ ही आप एक बड़ी जनशक्ति का प्रबंधन करते हुए, आप विद्युत वितरण क्षेत्र में सुधार लाने के लिए सरकार की नीतिगत प्रतिक्रियाओं में योगदान हेतु अपने प्रोफेशनल सह नीतिगत कार्यों के व्यापक अनुभव का उपयोग कर रहे हैं।

श्री विशाल कपूर के पास कंपनी में शून्य इक्विटी शेयर हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



## श्रीमती परमिंदर चोपड़ा (डीआईएनः 08530587)

**पीएफसी द्वारा नामित निदेशक**

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा को 4 फरवरी, 2022 से आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। आप वाणिज्य विषय में स्नातक तथा कॉस्ट एकाउंटेंट हैं तथा एमबीए हैं। आप वर्तमान में पीएफसी के निदेशक (वित्त) के रूप में कार्यरत हैं।

आपको विद्युत क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का अनुभव है, आपने पीएफसी, एनएचपीसी लिमिटेड और पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड जैसे प्रमुख संस्थाओं में कार्य किया है। पीएफसी में आपने वर्ष 2005 में कार्यभार ग्रहण किया था और 1 जुलाई, 2020 को पीएफसी में निदेशक (वित्त) के पद पर कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व आपने विभिन्न पदों पर कार्य किया है। आपने घरेलू के साथ–साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों से संसाधन जुटाने, बैंकिंग और ट्रेजरी, परिसंपत्ति देयता प्रबंधन तथा दबावग्रस्त संपत्ति प्रबंधन जैसे कई प्रमुख वित्तीय पोर्टफोलियो का दायित्व संभाला है।

श्रीमती परमिंदर चोपड़ा के पास कंपनी में शून्य इक्विटी शेयर हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



## डॉ. गंभीर सिंह (डीआईएनः 02003319)


**स्वतंत्र निदेशक**

प्रोफेसर डॉ. गंभीर सिंह को दिनांक 15 नवंबर, 2021 से आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में अंशकालिक गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। आप गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल से एमबीबीएस और जी. आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर से मास्टर ऑफ सर्जरी हैं। आपके पास एसोसिएशन ऑफ सर्जन्स ऑफ इंडिया एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की आजीवन सदस्यता भी है।

आप वर्तमान में छत्तीसगढ़ में रायपुर आयुर्विज्ञान संस्थान के डीन हैं। आपके पास 18 से अधिक वर्षों का शिक्षण अनुभव है और आपने जी. आर. मेडिकल कॉलेज, ग्वालियर और पंडित जवाहर लाल नेहरू मैमोरियल मेडिकल कॉलेज, रायपुर में सेवा प्रदान की। आप 2008 से 50 बेड वाले मल्टी–स्पेशलिटी अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। यह अस्पताल चिकित्सा विशेषज्ञता के उच्चतम मानकों पर कार्य कर रहा है और छत्तीसगढ़ राज्य के लोगों को समर्पित है।

आपने विभिन्न इंडेक्स जर्नल्स के 10 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पत्र भी प्रकाशित किए हैं तथा आप पूर्व–स्नातक और स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परीक्षक भी रहे हैं।

डॉ. गंभीर सिंह के पास कंपनी में शून्य इक्विटी शेयर हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।





## डॉ. मनोज मनोहर पांडे (डीआईएन: 09388430)

**स्वतंत्र निदेशक**

डॉ. मनोज मनोहर पांडे को 15 नवंबर, 2021 से आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में अंशकालिक गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। आप वर्तमान में यवतमाल, महाराष्ट्र, में एक पारिवारिक चिकित्सक और सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत हैं। आपने अमरावती विश्वविद्यालय से चिकित्सा और शल्य चिकित्सा में स्नातक की पढ़ाई पूरी की और बाद में दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राकृतिक चिकित्सा में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

आप महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में उपेक्षित और खानाबदोश समुदाय तथा झुग्गीवासियों के उत्थान के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। आपने आत्महत्या प्रभावित अनेक कृषक परिवारों के पुनर्वास को बढ़ावा देने में मदद की है और वंचित समुदायों के छात्रों को शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई। आप पिछले 15 वर्षों से समाज को बेहतर बनाने के लिए अपने प्रयासों को समर्पित करने वाले दो गैर–सरकारी संगठनों के संचालन में भी शामिल हैं।

आप *आयुष काढ़ा* के उत्पादन और वितरण की शुरुआत में अग्रणी रहे हैं, जो कोविड–19 वारियर्स, जिन्होंने महामारी के प्रकोप को रोकने में मदद की, के लिए एक अत्यंत प्रभावशाली औषधि है। आप एक उत्साही जैविक कृषक और कृषिविज्ञ भी हैं, जिन्होंने नवीन कृषि तकनीकों का सहारा लिया है, जिससे कम लागत वाली कृषि पद्वतियों और मिट्टी की उर्वरता में वृद्धि हुई है।

डॉ. मनोज मनोहर पांडे के पास कंपनी में शून्य इक्विटी शेयर हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



## डॉ. दुर्गेश नंदिनी (डीआईएन: 09398540)

**स्वतंत्र निदेशक**

डॉ. दुर्गेश नंदिनी को 30 दिसंबर, 2021 से आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में अंशकालिक गैर–सरकारी स्वतंत्र निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। आपने गोरखपुर विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर, महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से शिक्षाशास्त्र में स्नातकोत्तर एवं डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा से राजनीति विज्ञान में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की है।

पूर्व में आपने एक प्रतिष्ठित गर्ल्स इंटर–कॉलेज में प्रिंसिपल के रूप में काम किया था और हरियाणा सरकार के प्राथमिक शिक्षा विभाग में प्राथमिक स्तर की पाठ्यपुस्तकों और प्रशिक्षण मॉड्यूल के संपादन में सहयोग करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है। आपको राष्ट्रीय स्तर के एक स्वयंसेवी संगठन *"जागृति"* के साथ प्रमुख सामाजिक मुद्दों के क्षेत्र में काम करने का समृद्ध एवं विविध अनुभव प्राप्त है।

आप सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, बाल विकास, और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रही हैं। वर्तमान में, आप महिलाओं के आर्थिक विकास के लिए एक परियोजना पर काम कर रही है और सामाजिक न्याय के मुद्दों के लिए *अपराजिता फाउंडेशन* के साथ सहयोग कर रही है।

डॉ. दुर्गेश नंदिनी के पास कंपनी में शून्य इक्विटी शेयर हैं। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक या किसी मुख्य प्रबंधकीय कार्मिक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।